राजस्थान सरकार

आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय

राजस्थान का थोक मूल्य सूचकांक माह फरवरी, 2025 पर आधारित प्रेस विज्ञप्ति

आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा राज्य स्तरीय थोक मूल्य सूचकांक आधार वर्ष **1999-2000** पर प्रतिमाह जारी किया जाता हैं। **राज्य का माह फरवरी, 2025 का सामान्य (सभी वस्तुओं का) थोक मूल्य सूचकांक 396.93 (प्रावधानिक) अंक रहा। सूचकांक में गत माह जनवरी, 2025 के सूचकांक 398.28 की तुलना में (-)0.34 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। राज्य के मासिक सामान्य थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति फरवरी, 2025 में 2.09 प्रतिशत (फरवरी 2024 की तुलना में) रही है। माह फरवरी, 2025 में प्राथमिक वस्तु समूह सूचकांक 443.49 एवं ईंधन, शक्ति, प्रकाश व उपस्नेहक समूह सूचकांक 568.11 तथा विनिर्मित उत्पाद समूह सूचकांक 309.46 अंक रहा है।** राज्य के थोक मूल्य सूचकांक के अंतर्गत **1.** प्राथमिक वस्तु समूह, **2.** ईंधन, शक्ति, प्रकाश व उपस्नेहक समूह एवं **3.** विनिर्मित उत्पाद समूह सूचकांक में परिवर्तन/विचलन की स्थिति निम्नानुसार है -

1. **प्राथमिक वस्तु समूह (भार** 33.894%): माह जनवरी, **2025** में प्राथमिक वस्तु समूह का सूचकांक **443.49** रहा जिसमें गत माह के सूचकांक से **(-)0.94** प्रतिशत की कमी देखी गई। प्राथमिक वस्तु समूह के सूचकांक में कमी का मुख्य कारण इसके अंतर्गत कृषि उप समूह सूचकांक में **(-)1.11** प्रतिशत कमी रही जबकि खनिज उप समूह सूचकांक में **0.20** प्रतिशत वृद्धि पाई गई। कृषि मद समूह के खाद्य पदार्थ उप समूह एवं अखाद्य पदार्थ उप समूह सूचकांक में **(-)1.14** प्रतिशत एवं **(-)1.05** प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। आलोच्य माह के प्राथमिक वस्तु समूह में कृषि मद समूह के सूचकांक के अन्तर्गत दालों में **(-)5.77** प्रतिशत, सब्जियों में **(-)9.33** प्रतिशत, दूध में (-)0.17 **प्रतिशत,** मसालों में (-)14.82 **प्रतिशत**, रेशा में **(-)4.81** प्रतिशत एवं अन्य अखाद्य वस्तुओं में **(-)1.06** प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। खनिज उप समूह सूचकांक के अंतर्गत आलोच्य माह में 0.20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई जिसमें मुख्यतः चांदी में **5.51** प्रतिशत एवं मिट्टी की ईट में 0.76 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। प्राथमिक वस्तु समूह सूचकांक में वर्ष दर वर्ष मुद्रास्फीति की दर (फरवरी, **2024** की तुलना फरवरी, **2025** में) 5.56 प्रतिशत दर्ज की गई है।
2. **ईंधन, शक्ति, प्रकाश एवं उपस्नेहक समूह (भार** 16.253%): माह फरवरी, **2025** के दौरान इस समूह का सूचकांक **568.11** रहा, जिसमें गत माह की तुलना में कोई परिवर्तन नहीं पाया गया। ईंधन, शक्ति, प्रकाश एवं उपस्नेहक समूह सूचकांक की वर्ष दर वर्ष मुद्रास्फीति दर (फरवरी, **2024** की तुलना फरवरी, **2025** में) **(-)**2.26 प्रतिशत दर्ज की गई।
3. **विनिर्मित उत्पाद समूह (भार** 49.853%): विनिर्मित उत्पाद समूह का सूचकांक माह फरवरी, **2025** में 309.46 अंक रहा, जिसमें गत माह की तुलना में 0.05 प्रतिशत की वृद्धि पाई गई। समीक्षाधीन अवधि के दौरान खाद्य उत्पाद उप समूह के सूचकांक में 0.16 प्रतिशत और गैर धातु और खनिज उत्पाद में 0.07 प्रतिशत की वृद्धि पाई गई। विनिर्मित उत्पाद समूह सूचकांक की वर्ष दर वर्ष मुद्रास्फीति की दर (फरवरी, **2024** की तुलना फरवरी, **2025** में) 1.55 प्रतिशत दर्ज की गई।

थोक मूल्य सूचकांक फरवरी, 2025 (**आधार वर्ष** 1999-2000=100)

क्र.सं.	समूह / उप समूह	समूहवार भारांकन	राजस्थान का थोक भाव सूचकांक			प्रतिशत विचलन फरवरी, 2025 में	
			फरवरी*, 2025	जनवरी, 2025	फरवरी, 2024	जनवरी, 2025	फरवरी, 2024
1	2	3	4	5	6	7	8
I	प्राथमिक वस्तु समूह	33.894	443.49	447.69	420.12	-0.94	5.56
	(अ) कृषि वस्तुओं के उप समूह	29.933	437.07	441.97	411.36	-1.11	6.25
	(ब) खनिज उप समूह	3.961	491.95	490.95	486.28	0.20	1.17
II	ईंधन शक्ति, प्रकाश एवं उपस्नेहक समूह	16.253	568.11	568.11	581.26	[illegible]	-2.26
III	विनिर्मित उत्पाद समूह	49.853	309.46	309.32	304.74	0.05	1.55
सामान्य सूचकांक		**100.00**	**396.93**	**398.28**	**388.79**	**-0.34**	**2.09**

*प्रावधानिक

Signature Not Verified
Digitally signed by Vinesh Singhvi
Designation : Director and Joint Secretary
Date: 2025.03.26 14:17:19 IST
Reason: Approved